हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 1 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 बोर्ड परीक्षा की नई गाइडलाइन से बढ़ा सामान्य...



07 कोर्ट चौराहा बना अवैध बस स्टॉपेज अवैध पार्किंग से...



खबर संक्षेप

नापतौल अधिकारी को शोकाज जारी

नर्मदापुरम। खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 एवं रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के दौरान उपार्जन कार्य में प्रयुक्त छोटे इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों एवं परिवहन हेतु उपयोग किए जाने वाले तौल कांटों के सत्यापन में अनियमितताओं की शिकायत पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सख्त कार्रवाई की है। उपार्जन नीति के अनुरूप तौल कांटों का सत्यापन नहीं किए जाने तथा उपार्जन केंद्र एवं भंडारण केंद्र के तौल कांटों के तौल में अंतर परिलक्षित होने को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही माना गया। इस संबंध में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नापतौल अधिकारी, नर्मदापुरम शसलिल ल्यूक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर परिसर में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

नर्मदापुरम। कलेक्टर कार्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। उक्त आदेश अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (3) के अंतर्गत पारित किया गया है।

सरकारी अस्पताल में नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध

नर्मदापुरम। जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के नेत्र विभाग में अब अत्याधुनिक फेको मशीन के माध्यम से मोतियाबिंद का सफल उपचार किया जा रहा है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा गौर द्वारा इस आधुनिक तकनीक से मरीजों के सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इससे आसपास के जिलों के मरीजों को अब सरकारी अस्पताल में ही निजी अस्पतालों जैसी आधुनिक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। फेको तकनीक वर्तमान समय में मोतियाबिंद के उपचार की सबसे उन्नत एवं सुरक्षित विधियों में से एक है।

कूल्हे की हड्डी में था फ्रेक्चर, हार्ट से जुड़ी थी कई बीमारियां

इटारसी में हड्डी रोगों के लिए वरदान बना जैसवानी अस्पताल, चिकित्सकों की टीम ने 81 वर्षीय बुजुर्ग की जटिल सर्जरी कर दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में हड्डी संबंधी समस्याओं और रोगों के लिए जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल एक वरदान बनकर उभर रहा है। यहां उच्च स्तर की आधुनिक तकनीक और वर्षों के भरोसे के साथ मरीजों का सफल इलाज किया जा रहा है। हड्डी से जुड़ी गंभीर से गंभीर समस्याओं के लिए अब शहर में सिर्फ एक ही स्थान है जैसवानी अस्पताल। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि इस भरोसे को कायम रखते हुए अस्पताल ने चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक और उदाहरण पेश किया है। अस्पताल की मेडिकल टीम ने अपनी काबलियत से एक 81 वर्षीय बुजुर्ग की बेहद जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा कर उन्हें दोबारा अपने पैरों पर चलने के काबिल बना दिया है।

थी मुख्य चुनौतियां, गंभीर फ्रैक्चर

81 वर्षीय मरीज, हजारीलाल मालवीय के दाहिने कूल्हे की हड्डी में एक बहुत ही गंभीर फ्रैक्चर हो गया था। इस उम्र में हड्डी के फ्रैक्चर के साथ-साथ मरीज को हार्ट (हृदय) से जुड़ी कई गंभीर बीमारियां भी थीं, जिसके कारण यह ऑपरेशन सामान्य से कहीं अधिक जोखिम भरा और चुनौतीपूर्ण था।

मरीज के परिवार की संतुष्टि अपनी जुबानी

मरीज के बेटे, मंगेश मालवीय ने अस्पताल का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति काफी संतोषजनक है और वे वॉकर के सहारे फिर से चलने-फिरने में सक्षम हो गए हैं। उसने कहा कि हमारे पिताजी हजारीलाल मालवीय की कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर था और उन्हें हार्ट की भी प्रॉब्लम थी। हमने उन्हें जैसवानी अस्पताल में दिखाया। अब उनकी हालत बिल्कुल ठीक है और वे अच्छे से चल पा रहे हैं।



विशेषज्ञों की टीम और सफल शल्य क्रिया

इस जटिल परिस्थिति में अस्पताल के डॉ. अनुज दीक्षित (एम.एस. ऑर्थोपेडिक्स, जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी विशेषज्ञ) और उनकी पूरी टीम ने मोर्चा संभाला। डॉ. दीक्षित के कुशल मार्गदर्शन और टीम के अथक प्रयासों से यह जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी पूरी तरह से सफल रही।

सकारात्मक पहल



जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के संचालक वरिष्ठ चिकित्सक केएल जैसवानी, डॉ दीपक, डॉ गौरव एवं विक्की जैसवानी सहित पूरी टीम ने मरीज के शीघ्र और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता न केवल अस्पताल की बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं (विशेषकर ऑर्थोपेडिक्स विभाग) को दर्शाती है, बल्कि उन सभी मरीजों के लिए एक उम्मीद की किरण है जो उम्र और अन्य बीमारियों के कारण सर्जरी से घबराते हैं।

कलेक्टर ने किया उपार्जन केंद्र का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

उपार्जन केंद्र में व्यवथाओं के लिए प्रबंधक एवं संचालकों को जारी करें नोटिस : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में वेयरहाउसों द्वारा की जा रही अनियिमतताओं पर अंकुश लगाने प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को मूंग के नमूने जांच में लेकर प्रयागशाला भेजे गए थे। जिस पर रिपोर्ट में गड़बड़ी का खुलसा हुआ था और कनकधारा वेयर हाउस को सील कर दिया गया। वहीं शुक्रवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिले के सिवनी मालवा विकासखंड के चौतलाय स्थित साईं कृपा वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था पाई जाने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया साथ ही संचालक को व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश भी दिए। वहीं किसानों को आवश्यक समझाईश भी दी और उनके अधिकार बताए।

किसानों ने बताई समस्याएं

वेयरहाउस तक पहुंचने वाले मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे एवं जलभराव के कारण किसानों को उपज लेकर आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। किसानों ने भी बताया कि खरीदी केंद्र पर उनके लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासन द्वारा खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं बनाने प्रयास किए जा रहे हैं।



निरीक्षण में सामने आईं कई अव्यवस्थाएं

निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र पर अव्यवस्थाएं पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित वेयरहाउस संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वेयरहाउस के मुख्य प्रवेश द्वार पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को व्यवस्थित रूप से कतारबद्ध नहीं कराया जा रहा था। वहीं वेयरहाउस तक पहुंचने वाले मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे एवं जलभराव के कारण किसानों को उपज लेकर आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मौके पर उपस्थित किसानों ने भी बताया कि खरीदी केंद्र पर उनके लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने संचालक को व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

विपणन संघ के समिति प्रबंधक को शोकाज नोटिस

निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र पर अव्यवस्थाएं पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित वेयरहाउस संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही खरीदी प्रक्रिया में लापरवाही बरतने पर सिवनी मालवा विपणन संघ (मार्केटिंग समिति) के समिति प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वेयरहाउस के मुख्य प्रवेश द्वार पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को व्यवस्थित रूप से कतारबद्ध नहीं कराया जा रहा था।

तौल कांटों की कमी, प्रभावित हो रहा उपार्जन

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि सिवनी मालवा विपणन संघ द्वारा संचालित खरीदी केंद्र पर पर्याप्त संख्या में तौल कांटे उपलब्ध नहीं होने से उपार्जन कार्य प्रभावित हो रहा है तथा किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। इस पर कलेक्टर ने समिति प्रबंधक के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने एवं परिसर में व्याप्त अन्य अव्यवस्थाओं की विस्तृत जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एसडीएम सिवनी मालवा विजय राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और प्रशासनिक अमले ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 5 अगस्त को संभावित इटारसी आगमन की तैयारियों को लेकर हलचल तेज हो गई है। शुक्रवार को विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के दल ने कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।

बताया जा रहा है कि 5 अगस्त को बलराम जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इटारसी में किसानों को संबोधित कर सकते हैं। इसके अलावा जिले के मोहासा क्षेत्र में भी उनके जाने की संभावना जताई जा रही है। शनिवार को नर्मदापुरम कलेक्टर के इटारसी आगमन के बाद ही मुख्यमंत्री के अंतिम आधिकारिक कार्यक्रम का विस्तृत शेड्यूल स्पष्ट होगा। इस दौरान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे एवं मंडी विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीलेश शर्मा, मंडी सचिव प्रशांत पांडे, तहसीलदार सुनीता साहनी, नायब तहसीलदार कृष्णकांत उईके सहित राजस्व व कृषि उपज मंडी का अधिकारी-कर्मचारी अमला मौजूद रहा।

जन अभियान परिषद की मासिक बैठक संपन्न

नर्मदापुरम। अभियान परिषद, मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन में जिला जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

निजी वाहनों पर अवैध हूटर, ब्लैक फिल्म व वीआईपी स्टिकर पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के सख्त निर्देशों के बाद नर्मदापुरम पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसने जा रही है। जिले में 1 अगस्त से 10 अगस्त 2026 तक निजी वाहनों के खिलाफ 10 दिवसीय विशेष प्रवर्तन (चेकिंग) अभियान चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के कड़े निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत उन वाहनों पर विशेष नजर रहेगी, जो मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं।

इन पर होगी सख्त कार्रवाई

- निजी वाहनों पर लगे अवैध हूटर, सायरन और लाल/पीली/नीली फ्लैशर लाइट।
- गाड़ियों पर अनाधिकृत रूप से लगे VIP, On Duty, पुलिस, या सरकारी स्टिकर और मोनोग्राम।
- अस्पष्ट, फैंसी या नियमों के विरुद्ध लगी नंबर प्लेट।
- चार पहिया वाहनों के शीशों पर लगी काली फिल्म (टिंटेड ग्लास)।

निजी वाहनों पर ऐसे उपकरण लगाकर लोग वीआईपी होने का झूठा दिखावा करते हैं, जिससे आम जनता में अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। अभियान के दौरान ऐसे सभी अवैध उपकरणों को मौके पर ही उतरवाया जाएगा और सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी। पूरी कार्रवाई को पारदर्शी बनाए रखने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी की जाएगी। यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि असुविधा और जुर्माने से बचने के लिए वे स्वयं ही अपने वाहनों से इस प्रकार के अवैध स्टिकर, फिल्म और हूटर तत्काल हटा लें तथा यातायात नियमों का पालन कर अभियान को सफल बनाने में पुलिस का सहयोग करें।

शहर के सभी वार्डों में होगा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव



इटारसी। नगरपालिका स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव ने शुक्रवार सुबह नगरपालिका के स्टोर रूम का निरीक्षण कर शहरभर में सफाई और दवाओं के छिड़काव को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी वार्डों में मलेरिया ऑयल एवं अन्य कीटनाशक दवाओं का नियमित छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सभापति जाधव ने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सफाई के बाद सभी वार्ड जमादारों को अपने-अपने क्षेत्रों में कीटनाशक छिड़कने और जलभराव वाले स्थानों पर अनिवार्य रूप से मलेरिया ऑयल डालने के आदेश दिए, ताकि मलेरिया, डेंगू और अन्य मच्छरजनित बीमारियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। सभापति ने आमजनों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे अपने घरों के आसपास पानी न जमा होने दें। कूलर, गमलों और टंकियों की नियमित सफाई करें, क्योंकि रुके हुए पानी में मच्छरों का लार्वा पनपता है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक स्वदेश माहोरिया एवं मोहन कंडारे भी उपस्थित रहे।

मूंग उपार्जन में गड़बड़ी रोकने प्रशासन सख्त एसडीएम की अनुमति बिना नहीं उठेगा स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मूंग उपार्जन वर्ष 2026-27 में पारदर्शिता बनाए रखने और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम निलेश शर्मा, तहसीलदार सुनीता साहनी और मंडी सचिव प्रशांत पांडे की संयुक्त टीम ने इटारसी के ओसवाल व आनंद वेयरहाउस समेत विभिन्न भंडारण स्थलों का औचक निरीक्षण किया। शासन द्वारा मूंग खरीदी की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने के बाद, व्यापारियों द्वारा पुरानी मूंग किसानों के नाम पर



खपाने की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है।

व्यापारी अब एसडीएम की लिखित अनुमति और अधिकृत राजस्व अधिकारी की मौजूदगी के बिना गोदामों से स्टॉक नहीं उठा सकेंगे। सभी लाइसेंसधारी व्यापारियों को अपने प्रारंभिक स्टॉक और गोदाम की जानकारी तुरंत मंडी कार्यालय में देनी होगी।

इनका कहना है

किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह निरीक्षण अभियान पूरे उपार्जन काल तक जारी रहेगा। गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निलेश शर्मा, एसडीएम, इटारसी

ग्राम ग्वाड़ी में प्रस्तावित कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 7 अगस्त को तहसील सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत ग्वाड़ी में आयोजित होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा ने संयुक्त भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन एवं एसडीएम सिवनी मालवा विजय राय भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

स्वच्छता के क्षेत्र में इटारसी नपा की अनूठी पहल

1000 किलो प्लास्टिक कचरे से हो रहा ओवरब्रिज डिवाइडर का सौंदर्यीकरण, ट्रिपल आर की अवधारणा साकार करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा स्वच्छता एवं शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के मार्गदर्शन में आज शहर के ओवरब्रिज स्थित डिवाइडर के सौंदर्यीकरण के लिए रिसाइकल प्लास्टिक से निर्मित रैलिंग लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया।

यह पहल आरआरआर की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्य में लगभग 1000 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे का पुनः उपयोग किया जा रहा है। इससे लगभग 1000 किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं उपयोगी निपटान सुनिश्चित हो रहा है तथा उसी कचरे को आकर्षक एवं उपयोगी रैलिंग के रूप में परिवर्तित कर शहर के सौंदर्यीकरण में इस्तेमाल किया जा रहा है।



इस रैलिंग के निर्माण एवं स्थापना का कार्य श्री प्रिंस वर्मा द्वारा किया जा रहा है। यह नवाचार प्लास्टिक कचरे के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और शहर की सुंदरता बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि रिसाइकल प्लास्टिक से बनी यह रैलिंग पूरी तरह पुनर्चक्रण योग्य है। यदि भविष्य में किसी कारणवश रैलिंग क्षतिग्रस्त या टूट जाती है, तो इसे दोबारा रिसाइकल कर नई रैलिंग के रूप में तैयार कर पुनः स्थापित किया जा सकता है। इससे प्लास्टिक कचरे का स्थायी समाधान मिलेगा, रखरखाव की लागत कम होगी तथा पर्यावरण संरक्षण को निरंतर बढ़ावा मिलेगा।

नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से RRR के क्षेत्र में लगातार नवाचार एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी शहर के अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर इसी प्रकार के पर्यावरण हितैषी एवं सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य किए जाएंगे।

नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्लास्टिक कचरे का पृथक्करण करें, पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें तथा स्वच्छ, हरित और सुंदर इटारसी के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

आदेशः 10 कार्यपालन यंत्रियों को सौंपे गए अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन ने प्रदेश की नगरीय निकायों में तकनीकी कार्यों की गुणवत्ता, प्रशासनिक समन्वय और निर्माण कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 कार्यपालन यंत्रियों को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल के साथ अतिरिक्त दायित्व सौंपने के आदेश जारी किए हैं।



आदेश आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत एस. भोंडवे द्वारा जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, नगर पालिका परिषद इटारसी में पदस्थ कार्यपालन यंत्री मीनाक्षी चौधरी को नर्मदापुरम जिले की सभी नगरीय निकायों के लिए कार्यपालन यंत्री का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।

तत्काल प्रभाव से लागू होगी व्यवस्था

यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। इसी प्रकार शाजापुर, मंदसौर, विदिशा, दमोह, सागर, छतरपुर, देवास, सीहोर एवं खरगोन में पदस्थ कार्यपालन यंत्रियों को भी संबंधित जिलों अथवा नगरीय निकायों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विभाग का कहना है कि इस निर्णय से निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता, निरीक्षण व्यवस्था तथा प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

खबर संक्षेप

9 लाख की लूट मामले में ईनामी आरोपी गिरफ्तार




बैतूल। बोरदेही क्षेत्र में 9 लाख रुपये की लूट के मामले में 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी देवानंद उर्फ देवा इवने को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि पीड़ित के पड़ोसी दुकानदार सुशील यादव ने ही बैंक से रुपए निकालने, आमला जाने और पीड़ित के हुलिए की जानकारी फोन पर देवा इवने को दी थी, जिसके बाद लूट की पूरी साजिश रची थी। फिलहाल, आरोपी से लूटी गई संपत्ति की बरामदगी और वारदात के अन्य पहलुओं को लेकर पूछताछ जारी है। घटना 20 मई 2026 को हुई थी। फरियादी विक्की साहू की दुकान के पास मौजूद पड़ोसी दुकानदार सुशील यादव ने विक्की साहू और प्रदीप झरवड़े की बातचीत सुनी। उसे पता चला कि प्रदीप झरवड़े बड़ी रकम लेने आमला जा रहे हैं। इसके बाद सुशील ने फोन पर देवा इवने को बैंक जाने की सूचना, पीड़ित का हुलिया, वाहन और निकलने का समय बताया। इसी जानकारी के आधार पर आरोपियों ने पीछा कर करीब 9 लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया। इस मामले में बोरदेही थाना पुलिस पहले ही लूट में शामिल पांच आरोपियों और सूचना देने वाले स्थानीय आरोपी सुशील यादव को गिरफ्तार कर चुकी थी। मुख्य साजिशकर्ता देवा इवने फरार चल रहा था, जिसकी तलाश लगातार जारी थी। पुलिस के मुताबिक, देवानंद उर्फ देवा इवने छिंदवाड़ा जिले के नवेगांव थाने का निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ हत्या, डकैती, चोरी, मारपीट, जुआ सहित आठ से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, चोरी, नकबजनी और लूट के प्रकरण भी दर्ज हैं।

सड़क, पानी के लिए परेशान हो रहे वार्डवासी

शाहपुर। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 में निवास करने वाली निवासी महिला चांदनी नामदेव ने बताया कि 10 अक्टूबर 2023 को उन्होंने सडक़ मार्ग के लिए आवेदन दिया था। उस आवेदन पर नगर परिषद शाहपुर की जेसीबी मशीन के द्वारा मात्र आधे घंटे का कार्य किया गया। रोड के समतलीकरण को बराबर भी नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि वार्ड में मात्र एक ही सरकारी नल है। जिस पर मोहल्ले के 17 परिवार आश्रित है। उन्होंने आवेदन में कहा कि कि उन्हें भी घर में नल जल योजना का लाभ दिया जाए।

गौ तस्करी पर कार्रवाई, 2 पिकअप और टवेरा जब्त



बैतूल। बीजादेही थाना पुलिस और राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने गौ तस्करी के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए देर रात दो पिकअप और एक टवेरा वाहन जब्त कर 10 गोवंश सुरक्षित बरामद किए। कार्रवाई के दौरान बाबई निवासी सफील ख़ाँ को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक बोलेरो सवारी वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गौवंश से भरे वाहनों को कथित रूप से बॉर्डर पार कराने में मुखबिर की भूमिका निभाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी गौ तस्करी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि रात करीब 2 बजे सूचना मिली थी कि शिवनी मालवा क्षेत्र से दो सफेद पिकअप वाहनों में गोवंश को कथित रूप से क्रूरतापूर्वक भरकर चिचोली मार्ग से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों ने बिजादेही पुलिस को अवगत कराया और चिरापाटला के पास निगरानी शुरू की गई। राष्ट्रीय हिन्दू सेना सदस्य बंटी यादव के अनुसार, पिकअप वाहन दिखाई देने पर उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक तेज गति से चिचोली की ओर भाग निकले। संगठन की दूसरी टीम ने भी वाहनों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वाहन चुनाहजुरी होते हुए पोफलिया-बीजादेही मार्ग की ओर निकल गए।

संबल कार्डधारियों को छूट, सामान्य को भरने होंगे 1500 रुपए

बोर्ड परीक्षा की नई गाइडलाइन से बढ़ा सामान्य वर्ग के बच्चों पर आर्थिक बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) भोपाल द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। जारी गाइडलाइन ने जिले के हजारों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि गाइडलाइन में जहां संबल कार्डधारी छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा शुल्क से पूरी तरह छूट देकर राहत दी गई है, वहीं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क में 25 से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई है। जिसका सीधा असर कक्षा 9वीं और 11वीं में अध्ययनरत उन विद्यार्थियों पर पड़ेगा, जो अगले वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। नई गाइडलाइन के अनुसार नियमित विद्यार्थियों को अब बोर्ड परीक्षा शुल्क के रूप में 1500 रुपए जमा करने होंगे, जबकि पिछले वर्ष यह शुल्क 1200 रुपए था। वहीं निजी (प्राइवेट) परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क 1600 रुपए निर्धारित किया गया है। है। पिछले वर्ष नियमित और प्राइवेट दोनों श्रेणियों के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क समान था, लेकिन इस बार दोनों वर्गों के लिए अलग-अलग शुल्क तय किया गया है। इसके अलावा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरते समय प्रत्येक विद्यार्थी को 25 रुपए का पोर्टल शुल्क भी अलग से देना होगा।



फीस बढ़ने से अभिभावकों पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ

फीस बढने से अभिभावकों की जेब पर आर्थिक बोझ बढेगा, विशेषकर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को परीक्षा फीस के रूप में 1500 रूपये चुकाने पडेगे। यह फीस विगत वर्ष 1200 रूपये थी, लेकिन नई गाइडलाइन के अनुसार फीस में 300 रूपये की बढ़ोत्तरी कर दी है। ऐसे में अभिभावकों का कहना है कि पहले से ही स्कूल फीस, कोचिंग, किताबें, यूनिफॉर्म और परिवहन पर लगातार खर्च बढ़ रहा है। ऐसे में बोर्ड परीक्षा शुल्क में में की गई बढ़ोतरी मध्यमवर्गीय और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अतिरिक्त बोझ साबित होगी। विद्यार्थियों का कहना है कि सरकार को शिक्षा को अधिक सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए, लेकिन परीक्षा शुल्क बढने से कई परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और उच्च शिक्षा का सपना देख रहे विद्यार्थियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की है। विद्यार्थी 15 सितंबर तक आवेदन करते है तो उन्हें 1500 रूपये शुल्क चुकाना पड़ेगा, अन्यथा निर्धारित समय सीमा के बाद आवेदन करने पर विद्यार्थियों को नियमानुसार लेट फीस जमा करनी होगी। विलंब शुल्क की राशि 500 रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक हो सकती है। ऐसे में समय पर आवेदन नहीं करने वाले विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। यानि विद्यार्थियों को विलंब शुल्क 500 रूपये अतिरिक्त चुकाने पड़ेगे। शिक्षा से जुड़े लोगों का मानना है नई गाइडलाइन के सकारात्मक पहलुओं के साथ-साथ शुल्क वृद्धि को लेकर भी सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए, ताकि आर्थिक स्थिति के कारण किसी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित न हो।

75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य

नई गाइडलाइन में नियमित विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर भी सख्त प्रावधान है। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने नियमित छात्र-छात्राओं की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि किसी विद्यार्थी की कम रहती है तो मंडल के विनियमों के तहत संबंधित प्राधिकारी द्वारा अधिकतम 10 प्रतिशत तक की छूट स्वतः लागू होगी। इसके लिए विद्यार्थियों को अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं राज्य, राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उपलब्धि वाले विद्यार्थियों के लिए 60त्न उपस्थिति अनिवार्य है। जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति निर्धारित मानक से कम होगी, वे विशेष परिस्थितियों में अनुमति मिलने पर 150 रुपए का अतिरिक्त ऑनलाइन शुल्क जमा कर स्वाध्यायी (प्राइवेट) परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

इनका कहना है

फीस में वृद्धि माशिमं. का निर्णय है। इसमें हम कुछ नहीं कर सकते है। यह जरूर है कि यदि कोई छात्र फीस भरने में असमर्थ है तो प्राचार्य-शिक्षक या विभाग के माध्यम से छात्र की फीस जमा करने का प्रयास कर सकते है। हम चाहते है कि कोई भी बच्चा बिना परीक्षा दिये न रहे।
- **पूनम बरकड़े, जिला शिक्षा अधिकारी, बैतूल**

जनपद सदस्य की उपस्थिति में किया साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

शाहपुर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धपाडा में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम में जनपद सदस्य भुरेलाल चौहान, नारायण यादव, दिनेश यादव, महेश यादव, बालकिशन उइके, राजेश भनारिया, अशोक उइके आदि ग्राम के ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीण क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को साइकिल प्राप्त होने से उनके आवागमन में सुविधा होती है और वे ग्रामीण क्षेत्र में अपने स्कूल आसानी से आ जा सकते हैं।

योगी खंडेलवाल सीएआईटी के प्रदेश महासचिव नियुक्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल।

नई दिल्ली में आयोजित कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के युवा व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता योगी राजीव खंडेलवाल को सीएआईटी, मध्यप्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। यह घोषणा सीएआईटी के राष्ट्रीय सचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर सीएआईटी मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने योगी राजीव खंडेलवाल को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर अपनी नियुक्ति पर योगी खंडेलवाल ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि वे मध्यप्रदेश के व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा, उनके समक्ष आने वाली समस्याओं के समाधान तथा संगठन के विस्तार हेतु पूर्ण निष्ठा, समर्पण व सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएआईटी देशभर के व्यापारियों की सबसे सशक्त आवाज़ है।

स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

औद्योगिक नगरी सारणी के प्रवेश द्वार जय स्तंभ चौक पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए सतपुड़ा व्यापारी संघ ने नवागत नायब तहसीलदार मोहम्मद अजहर को सौंपा ज्ञापन। सतपुड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सोनी एवं संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्याम सुंदर ओझा ने बताया कि जय स्तंभ चौक पर वाहनों की आवाजाही बहुत बढ़ गई है। चारों तरफ से तेज गति से वाहन आते हैं। चौक पर कोई ट्रैफिक सिग्नल भी नहीं है और सांकेतिक बोर्ड भी नहीं लगे हैं। भारी वाहन जैसे राखड ट्रांसपोर्टिंग के ट्रक राखड भरकर आते हैं, तो तेज गति से वाहन चलाते हैं। चौक पर कई बार दूसरे वाहनों के आमने-सामने हो जाते हैं। स्पीड ब्रेकर बनने से गाडिय़ों के स्पीड कम हो जाएगी। पूर्व सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ डेहरिया ने बताया कि जय स्तंभ चौक पर बसो की आवाजाही भी बहुत होती है। स्पीड ब्रेकर से इन बसों की गति भी कम हो जाएगी। दुर्घटनाओं की संभावना खत्म हो जाएगी। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के संरक्षक सुनील भारद्वाज एवं विधायक प्रतिनिधि जगदीश आहूजा एवं त्रिरत्न बौद्ध विहार समिति सारणी के वरिष्ठ पदाधिकारी गौतम बोदले ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व ही मजदूर साथी स्व. संजय रायपुरे का जय स्तंभ चौक पर ही सडक़ दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। अगर स्पीड ब्रेकर होते तो बड़े वाहन की गति और कम हो जाती और दुर्घटना भी नहीं घटती।



आठनेर क्षेत्र में गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 3 वाहन जब्त

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 30 जुलाई को खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के आठनेर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनिज अमले द्वारा आठनेर क्षेत्रांतर्गत गौण खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ आठनेर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बोरपानी के पास से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों क्रमशः 01 ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडबी 7670 एवं 02 स्वराज ट्रेक्टर बिना नंबर को जब्त किया है।

महिला ने पर्स से रुपए निकालते रंगे हाथ पकड़ा, पहले हुई मंगलसूत्र और नकदी चोरी की घटनाओं से भी जोड़कर हो रही जांच

दुनावा साप्ताहिक बाजार में सक्रिय महिला चोर गिरोह की तीन सदस्याएं पकड़ी गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

दुनावा साप्ताहिक बाजार एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिला चोर गिरोह की सक्रियता लगातार बढ़ती नजर आ रही है। यह गिरोह त्योहारों, साप्ताहिक हाट बाजारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को निशाना बनाता है। गिरोह की महिलाएं ग्राहक बनकर या झुंड में घूमते हुए वारदात को अंजाम देती हैं। गुरुवार को दुनावा साप्ताहिक सब्जी बाजार में उस समय हडक़ंप मच गया, जब ग्राम गांगई निवासी रंजना पति दशरथ लांजीवार ने अपने पर्स से रुपये निकालते हुए एक महिला को देख लिया। रंजना के अनुसार, महिला ने उनके पर्स से 1,400 रुपये निकाल लिए। पकड़े जाने का एहसास होते ही उसने रुपये जमीन पर फेंक दिए, जिन्हें पीछे चल रहे एक ग्रामीण ने उठा लिया। रंजना ने तत्काल महिला को पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद दो अन्य महिलाओं को भी लोगों ने घेर लिया और तीनों को पुलिस के हवाले कर दिया। तीनों महिलाओं को दुनावा चौकी लाया गया, जहां चौकी प्रभारी आम्रपाली डाहट ने उनकी तलाशी लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, तलाशी में उनके पास से कोई नकदी या संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ। पूछताछ में महिलाओं ने अपने नाम दुर्गा श्याम लोधे (30 वर्ष), प्रिया चेतन रोकड़े (20 वर्ष) और पद्मा कन्हैया नारे (35 वर्ष) निवासी ताजबाग, नागपुर की झुग्गी बस्ती बताए। उन्होंने अपनी जाति गोसाई बताई। प्रिया ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति से विवाद के बाद दो-तीन दिन पहले घर से निकली थी और अपनी सास की तलाश में पहले छिंदवाड़ा तथा बाद में दुनावा पहुंची थी। उसके साथ तीन माह का शिशु भी था। इसी बाजार में लालढाना निवासी जागेश पिता पारन्या के भी पीछे की जेब से 5,900 रुपये चोरी होने की जानकारी सामने आई। वहीं, 23 जुलाई को दुनावा निवासी कुसुम कड़वे का करीब 1.50 लाख रुपये कीमत का मंगलसूत्र भी साप्ताहिक बाजार से चोरी हो गया था। पुलिस ने इस मामले में भी तीनों महिलाओं से पूछताछ की, हालांकि अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाजार में पहले भी चेन स्नेचिंग, पर्स चोरी और मोबाइल चोरी जैसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इन महिलाओं का संबंध पूर्व में हुई घटनाओं से है। दुनावा चौकी प्रभारी आम्रपाली डाहट ने बताया कि तीनों महिलाओं से गहन पूछताछ की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तीनों महिलाओं के विरुद्ध धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बाजार आने वाले लोगों, विशेषकर महिलाओं, से भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने पर्स, मोबाइल और अन्य कीमती सामान सुरक्षित रखने की अपील की है।



लगातार बारिश से मुलताई क्षेत्र जलमग्न, सिंचाई परियोजनाओं में बढ़ी जल आवक, नदी-नाले उफान पर

पारसढ़ोह, चंदोरा और वर्धा बांधों का जलस्तर बढ़ा, ताप्ती सरोवर में शुरू हुई जल आवक, कई स्थानों पर जलभराव और रपटों पर बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई क्षेत्र में बीते 36 घंटे से लगातार हो रही वर्षा ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र की चार मध्यम एवं लगभग 90 लघु सिंचाई परियोजनाओं में तेजी से जल आवक हो रही है। नदी-नाले उफान पर हैं, जबकि ताप्ती सरोवर में भी आसपास के जल स्रोतों से पानी की आवक शुरू हो गई है। दूसरी ओर, नगर के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या फिर से गहरा गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश के चलते कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक औसत वर्षा अपेक्षाकृत कम दर्ज की गई है, लेकिन पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश ने मानसून की कमी काफी हद तक पूरी कर दी है। अच्छी वर्षा के संकेत मिलने से किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है और खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन की उम्मीद भी बढ़ गई है।

राय आमला में धंसा शासकीय कुआं, ग्रामीणों में हादसे का भय

लगातार बारिश के कारण निकटवर्ती ग्राम राय आमला में सडक़ किनारे स्थित एक शासकीय कुआं धंस गया। कुआं पूरी तरह पानी से लबालब भरा हुआ है, जिससे मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणों में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार्ग से बच्चे प्रतिदिन स्कूल आते-जाते हैं। फिलहाल लोगों ने झाडय़ी डालकर अस्थायी रूप से रास्ते को सुरक्षित करने का प्रयास किया है तथा सरपंच एवं सचिव को सूचना देकर तत्काल सुरक्षा व्यवस्था और मरम्मत की मांग की है।



नगर में फिर गहराई जलभराव की समस्या

लगातार बारिश के कारण मुलताई नगर के पटेल वार्ड और ताप्ती वार्ड में जलभराव की समस्या एक बार फिर सामने आ गई है। कई घरों और गलियों में पानी भर जाने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश यादव ने बताया कि पिछले एक दशक से प्रत्येक वर्ष बारिश शुरू होते ही ताप्ती वार्ड एवं संतरा मंडी क्षेत्र के रहवासी जलभराव की समस्या से जूझते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सडक़ों को पहले पाइपलाइन और बाद में सीवर लाइन के लिए बार-बार खोद दिया गया, जिससे पूरी सडक़ व्यवस्था खराब हो गई।

पारसढ़ोह, चंदोरा और वर्धा बांधों में तेजी से बढ़ी जल आवक

वर्षा के चलते जल संसाधन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। क्षेत्र की चार प्रमुख मध्यम सिंचाई परियोजनाएं-पारसढ़ोह, चंदोरा, वर्धा और बुंडाला-सहित लगभग 105 सिंचाई संरचनाओं में पानी की आवक लगातार बढ़ रही है। जल संसाधन विभाग के अनुसार- पारसढ़ोह बांध लगभग 39 प्रतिशत भर चुका है। चंदोरा बांध में 34 से 35 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है। वर्धा बांध में अब तक लगभग 9 प्रतिशत जलस्तर की वृद्धि हुई है।

रपटों पर बह रहा पानी, प्रशासन ने जारी की सावधानी की अपील

लगातार बारिश से ताप्ती, वर्धा, छोटा तवा और चूड़ामणि सहित क्षेत्र की प्रमुख नदियां पूरे वेग से बह रही हैं। अधिकांश छोटे-बड़े नाले उफान पर हैं तथा ग्रामीण मार्गों के कई रपटों पर पानी बहने लगा है। हेटी क्षेत्र के पास दहाड़ नदी का रपटा भी ओवरफ्लो हो गया है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे उफनते नालों और रपटों को पार करने का जोखिम न उठाएं तथा बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें। इधर, मुलताई स्थित ताप्ती सरोवर में भी आसपास के जल स्रोतों से लगातार पानी पहुंच रहा है। जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और यदि वर्षा का क्रम जारी रहा तो आने वाले दिनों में सरोवर के ओवरफ्लो होने की संभावना है। किसानों के लिए राहत, फसलों को मिलेगा लाभ, बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने लगी है, जिससे सोयाबीन, मक्का सहित खरीफ फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। तालाबों, कुओं और अन्य जल स्रोतों का जलस्तर बढऩे से भविष्य में पेयजल संकट की संभावना भी कम होगी।

इनका कहना है-

पिछले दो दिनों से हो रही लगातार वर्षा के कारण क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी सिंचाई परियोजनाओं और जल संरचनाओं में तेजी से जल आवक बढ़ रही है। जल संसाधन विभाग पूरी तरह सतर्क है और सभी बांधों एवं संरचनाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। बीती रात भी पारसढ़ोह और चंदोरा बांध में जल आवक जारी रही तथा जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।
शिवकुमार नागले, एसडीओ, जल संसाधन विभाग, मुलताई

खबर संक्षेप

मालती देवी दीवान का हुआ निधन

माखननगर। माखन नगर ग्राम मारा गांव निवासी स्वर्गीय नवीन चंद दीवान की की धर्मपत्नी , कमलेश कुमार दीवान, अखिलेश कुमार दीवान भूपेंद्र कुमार दीवान मां मालती देवी दीवान का 88 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास मारा गांव से नर्मदा तट सांगा खेड़ा खुर्द के लिए शनिवार 01 अगस्त को प्रातः 10 बजे नर्मदा तट सांगा खेड़ा खुर्द प्रस्थान करेगी

मांगीलाल बकोडिया ने मृत्यु उपरांत अंगदान का लिया संकल्प



सीहोर। सीहोर निवासी मांगीलाल बकोडिया ने मृत्यु उपरांत अंगदान करने का संकल्प लेकर समाज के सामने मानवता और सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया से ऑर्गन डोनेशन प्लेज सर्टिफिकेट प्राप्त किया तथा अपनी मृत्यु के उपरांत अपने अंगों के दान के लिए स्वैच्छिक सहमति प्रदान की। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने कहा कि अंगदान महादान है। एक व्यक्ति के अंगदान से कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में अंगदान का संकल्प लेने की अपील की है।

व्यापारियों ने की नगर परिषद से समस्याओं के निराकरण की मांग

कोर्ट चौराहा बना अवैध बस स्टॉपेज अवैध पार्किंग से हो रहा अतिक्रमण

सोहागपुर कोर्ट चौराहा क्षेत्र अस्थाई अतिक्रमण, अवैध पार्किंग आदि गतिविधियों का क्षेत्र बन चुका है। जिसे लेकर व्यापारियों में चिंता व नाराजगी है एवं गत दिवस चौराहा क्षेत्र के व्यापारियों ने सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के नाम आवेदन सौंप समस्या निराकरण की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर कोर्ट चौराहा क्षेत्र अस्थाई अतिक्रमण, अवैध पार्किंग आदि गतिविधियों का क्षेत्र बन चुका है। जिसे लेकर व्यापारियों में चिंता व नाराजगी है एवं गत दिवस चौराहा क्षेत्र के व्यापारियों ने सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के नाम आवेदन सौंप समस्या निराकरण की मांग की है।



हटाया जाएं अतिक्रमण

व्यापारियों ने आवेदन में उल्लेख किया गया है कि कोर्ट चौराहे पर स्टेशन रोड की ओर अस्थाई रूप से चाट, फास्टफूड, पंचर दुकानों का रोजाना अतिक्रमण किया जाता है। पंचर दुकान का रोड पर स्थाई अतिक्रमण है। भोज्य पदार्थों की अस्थाई दुकानों को बहुत क्षेत्र में कुर्सी , बैंच व ठेला लगाकर विस्तार किया जाता है।

जिसके कारण लाखों रुपये व्ययकर स्थाई दुकानें संचालित करने वालों की दुकानों की राह बंद हो जाती है तथा व्यापार प्रभावित होता है। खाद्य पदार्थ का धुआं व कचरा भी फैलता है, जिससे गंदगी फैलती है तथा लोगों को तीखे धुएं से खांसी चलती है। धूल के कारण अस्थमा जैसी विभिन्न बीमारियों से लोग ग्रसित हो सकते है। स्थानीय निवासीयों का कहना है कि यहां से अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाए।

बस स्टॉप व आटो स्टैंड से परेशानी

व्यापारियों तथा नागरिकों का कहना है कि कोर्ट चौराहे पर बसों का अस्थाई स्टापेज है। जहां चौराहे के बीच सड़क पर बसें खड़ी की जाती हैं और दिन में दर्जनों बार यातायात बाधित होता है। वहीं दर्जनों ऑटो भी चौराहे पर चारों ओर मनमाने ढंग से खड़े किए जाते हैं। जिसके कारण बाधित आवाजाही से नागरिक परेशान होते हैं। व्यापारियों सहित नागरिकों ने सभी प्रकार की अवैध गतिविधियों तथा अतिक्रमण को हटाने की मांग नगर परिषद से की है।

बनाएं यात्री प्रतीक्षालय

व्यापारियों व नागरिकों का कहना है कि चौराहे पर बसों का अस्थाई स्टापेज है। अतः प्रशासन उक्त क्षेत्र में बस स्टॉपेज का नियम निर्धारित करे। जिसमें यह शामिल हो कि बसों को सड़क के नीचे रोका जाए, ताकि यातायात बाधित ना हो। साथ ही एक यात्री प्रतीक्षालय भी बनाया जाए, ताकि यात्री यहां पर बैठकर बसों की प्रतीक्षा कर सकें। क्योंकि जहां यात्री खड़े होते हैं वहां ऑटो स्टैंड बना दिया गया है तथा अस्थाई दुकानें लगती हैं। जिसके कारण यात्रियों को सड़क पर खड़े होना पड़ता है। अतः यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की मांग व्यापारियों तथा नागरिकों ने की है।

टोल टैक्स वसूली के खिलाफ फूटा आक्रोश MPRDC के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने भी टोल बंद करने का दिया था आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

बनखेड़ी रोड स्थित टोल नाके पर बिना किसी मरम्मत और रखरखाव कार्य के की जा रही टोल वसूली को लेकर क्षेत्र के लोगों और ट्रक एसोसिएशन का गुस्सा फूट पड़ा है। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (MPRDC) के ढुलमूल रवैये के खिलाफ स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने जमकर नारेबाजी की और तत्काल प्रभाव से टोल नाका हटाने की मांग की है।



क्या है पूरा मामला?

विगत दो वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश शासन के MPRDC विभाग द्वारा तेंदूखेड़ा के एक ठेकेदार को बनखेड़ी रोड स्थित टोल नाके का ठेका दिया गया था। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा इस पूरी समयावधि में सड़क की मरम्मत का कोई काम नहीं कराया गया, लेकिन टोल की वसूली लगातार जारी रही।मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने भी टोल बंद करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, प्रशासन ने ठेकेदार की समयावधि 15 जुलाई 2026 तक होने का हवाला देते हुए टोल नहीं हटाया। इस दौरान एससी/एसटी वर्ग की महिलाओं के जरिए भी टोल वसूली करवाई जाती रही।ठेकेदार हटते ही फिर शुरू हुई वसूली की तैयारीहाल ही में ठेकेदार की समयावधि समाप्त होने के बाद, अब MPRDC के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं टोल वसूली की तैयारी में जुट गए हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि सड़क मार्ग का निर्माण चेतक कंपनी के समय हुआ था, जिसके बाद कमिश्नर के आदेश पर केवल एक बार काम कराया गया। इसके बाद से सड़क बदहाल स्थिति में है।

आशंका यह भी जताई जा रही है कि MPRDC के नाम पर वसूली करने में जुटे लोग वास्तव में किसी निजी ठेकेदार के ही बंदे हैं, जो विभाग के नाम पर पर्दा डाल रहे हैं।

ट्रक एसोसिएशन का चक्का जाम, सौंपा ज्ञापन

बिना सड़क मरम्मत के की जा रही अवैध वसूली के विरोध में ट्रक एसोसिएशन ने चक्का जाम कर जोरदार विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नाम एक ज्ञापन सौंपकर टोल तुरंत बंद करने की मांग की।

हालांकि, ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

अधिकारियों का क्या है कहना?

मामले में संभागीय अधिकारी विक्रम सिंह बैंस का कहना है कि नियमों के अनुसार ही टोल वसूली की जा रही है। वहीं, MPRDC के अधिकारी राजेंद्र चौधरी ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा नियमानुसार वसूली आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि "टोल से होने वाली आय-व्यय का आकलन करने के बाद इसे तत्काल प्रभाव से नए ठेकेदार को सौंपा जाएगा।" साथ ही उन्होंने जल्द ही बदहाल सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है। तमाम आश्वासनों के बावजूद, जनता और वाहन चालकों में इस मनमानी को लेकर भारी असंतोष व्याप्त है।

हाईवे पर जलभराव समस्या चुप्पी से हैरत में क्षेत्रवासी



सोहागपुर। नगर में सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन के मुख्य द्वार के ठीक सामने जलभराव समस्या चार वर्षों से है। बरसात में गंदा पानी स्टेट हाईवे पर जमा होने से दिनोंदिन यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं इतनी बड़ी समस्या पर भी प्रशासन, सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के मौन से जनता हैरत में है। लोगों को आश्चर्य है कि समस्याग्रस्त स्थल पर कांग्रेस, भाजपा, भाजयुमो, युकां, एनएसयूआई, अभाविप, सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की नजर होने के बाद भी एक समान चुप्पी छाई हुई है, ऐसा क्यों हैं? जबकि उक्त स्थल पर जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं। जनता इस चौतरफा मौन से त्रस्त हो चुकी है।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, पुलिस अधीक्षक से की कड़ी कार्रवाई की मांग

सांसद दर्शन सिंह चौधरी पर की गई थी आपत्तिजनक टिप्पणी, एफ आई आर किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने के मामले में भारतीय जनता पार्टी माखन नगर के पदाधिकारीयो द्वारा पुलिस अधीक्षक, नर्मदापुरम को आवेदन सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।



फेसबुक आईडी से की गई टिप्पणी

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि एक फेसबुक आईडी से सांसद दर्शन सिंह चौधरी के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी पोस्ट की गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस पोस्ट से जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल करने का प्रयास हुआ है तथा सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है।

शिकायत में संबंधित फेसबुक अकाउंट की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने और यदि कोई आपराधिक प्रावधान लागू होते हों तो प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है।

आजकल सोशल मीडिया का उपयोग ज्ञान, सकारात्मक बदलाव और अपनों से जुड़ने के बजाय फर्जी खबरों, घृणा और समय की बर्बादी फैलाने के लिए अधिक किया जा रहा है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने की एफ आई आर की मांग

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्यनारायण पाराशर, मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, महामंत्री संजय अग्रवाल, राजेंद्र मेहरा, मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, संतोष परसाई, पार्षद सुरेश यादव, सिल्लू मालवीय, गोलू मिश्रा, संतोष सिंह राजपूत, आकाश गर्ग, शिवेंद्र राजपूत, प्रशांत सोनी, जयसिंह राजपूत, त्रिवेणी अहिरवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पार्षद ने की धार्मिक स्थलों पर नियमित सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नप क्षेत्र के मातापुरा वार्ड पार्षद भास्कर माझी ने शहर के धार्मिक स्थलों की श्रावण माह में नियमित सफाई की मांग की है। माझी ने एक पत्र भी नप सीएमओ को दिया है। जिसके अनुसार हिन्दू धर्म का पवित्र महीना श्रावण मास प्रारंभ हो चुका है। इस माह में नगर के शिव मंदिरों एवं अन्य देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। शिवभक्त प्रतिदिन जलाभिषेक, पूजन-अर्चन हेतु बड़ी संख्या में मंदिरों में आते हैं।



हो नियमित साफ सफाई

श्रद्धालुओं की सुविधार्थ नप श्रावण माह दौरान शहर के सभी मंदिरों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था नियमित कराए। साथ ही माझी ने मांग की है कि मंदिरों के आसपास कीटनाशक एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराएं, मंदिरों परिसर में तथा बाहर अतिरिक्त डस्टबिन रखवाएं, नालियों की सफाई व जल निकासी सुचारू रहे, श्रावण सोमवार तथा त्योहार दिवस पर विशेष सफाई दल तैनात किए जाएं।

नगर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी हुई घोषित, की गई ब्लाक अध्यक्ष की घोषणा

जिला प्रभारी संजय शर्मा की सहमति से हुइ कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जिला प्रभारी संजय शर्मा एवं जिला अध्यक्ष की सहमति से नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत के द्वारा नगर कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिसमें 1 कोषाधयक्ष 3 उपाध्यक्ष 5 महासचिव 8 1 मीडिया प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं।1 सोशल मीडिया की घोषणा कर दी गई है। कोषाध्यक्ष अविनाश पुरोहित, उपाध्यक्ष नितिन गंगेले, अरविंद साहू परेश कोठारी शशि रावत महासचिव कोमल मेहरा अशोक साहू राधेश्याम ठाकरे हेम प्रभा बेमन मयंक दीक्षित आरिफ वारसी सचिव गुफान खान पूजा सिलावट सुनीता मेहरा दिलीप प्रजापति राजा गढ़वाल गुलाब ठाकुर, राज कछवाह रबीना वी मीडिया प्रभारी समीर चिश्ती शोषल मीडिया प्रभारी नीरज शर्मा नियुक्त किए गए हैं।

सीनियर कांग्रेस के अनुसार घोषणा नहीं हुई

पिपरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं मटकुली ब्लाक अध्यक्ष ने भी ग्रामीण क्षेत्रों की कमेटी की घोषणा कर दी गई है। लेकिन मटकुली में पुराने कांग्रेसी नेताओं में नाराजी देखी जा रही है। जैसे हीरेन शर्मा के सहयोग से तथा अन्य सभी मटकुली के सीनियर कांग्रेस के अनुसार घोषणा नहीं हुई है। पहली चर्चा तो यह भी है, कि हथवास के निवासी को मटकुली का अध्यक्ष बनाया गया। रिछैडा के निवासी को पिपरिया ग्रामीण का अध्यक्ष बनाया गया है। यह दोनों ही विपरीत दिशा से है।

संत रविदास की जयंती पर हुए विशेष कार्यक्रम

पिपरिया। भारतीय जनता पार्टी नगर एवं ग्रामीण मंडल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी माधव दास अग्रवाल पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी के द्वारा तथा खापरखेड़ा मंडल अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।हथवास,राईखेडी,में रामभरोसे अहिरवार के द्वारा आयोजित किया गया।इस दौरान मंदिरों में पदस्थ महंतों पूजारियो कामी स्वागत सम्मानित किया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि संत रविदास एक महान विद्वान संत थे।तो अरविंद राय ने कहा कि संत किसी समाज के नहीं होते नीना नवनीत नागपाल ने कहा कि हम समरसता का भाव बना रहे इसी तारतम्य में हर जगह संत रविदास जयंती मनाई जाती है। माधव दास अग्रवाल ने कहा कि मीरा बाई संत रविदास की शिष्या थीं। जिसका वर्णन गुरु ग्रंथ साहिब में है।



जनपद पंचायत सभा भवन में हुआ सेवानिवृत कर्मचारियों का विदाई समारोह, किया सम्मान

विकासखंड पंचायत अधिकारी व सचिव हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर जनपद पंचायत माखन नगर में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन जनपद परिवार ने आयोजित किया जिसमें खंड पंचायत अधिकारी हरे लाल बरेले ग्राम पंचायत बुधवाड़ा के सचिव आनंद गौर ग्राम पंचायत माना गांव के सचिव अर्जुन यादव ग्राम पंचायत ताल केसरी के सचिव राजेंद्र दीवान का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया, एवं भावभीनी विदाइ देकर नइ यात्रा के लिए शुभकामनाए दी।



ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीत ताराम उप यंत्री हरिकृष्ण नायक राजेश साकल्ले आजीविका मिशन की ब्लॉक प्रबंधक बसंती गढ़वाल ग्राम पंचायत के सचिव गण सहायक सचिव शिक्षा विभाग के कर्मचारी सेवा निवृत कर्मचारियों के परिवारजन मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन लिपिक घनश्याम मीणा ने किया।

चार्तुमास के दौरान नगर में दिए वक्तव्य

भगवान महावीर ने आत्मविजय का मार्ग दिखाया: आर्यिका भावनामति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी नगर में चातुर्मास कर रहीं आर्यिका भावनामति माता ने वीर शासन जयंती पर महावीर भवन में प्रवचन देते हुए कहा कि वीर शब्द सुनते ही हमें एक बात स्मरण आती है कि जैन धर्म में सबसे महान वीर है भगतान महावीर। भगवान महावीर को जब केवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई तभी से उनका दिव्य उपदेश प्रारंभ हुआ। उसी दिव्य धर्म प्रवर्तन को वीर शासन कहा जाता है। इसलिए हम गर्व से कहते हैं - जय जय वीर शासन। उन्होंने कहा, वीर होना केवल बाहरी युद्ध जीतना नहीं है। जैन दर्शन कहता है कि जिसने अपने भीतर के क्रोध, मान, माया और लोभ को जीत लिया वही सच्चा वीर है। भगवान महावीर ने आत्मविजय का मार्ग दिखाया इसलिए उनका शासन वीर शासन कहलाता है। वीर केवल एक नाम नहीं महावीर का स्वरूप है। शासन केवल व्यवस्था नहीं मोक्ष का मार्ग है। जयंती केवल उत्सव नहीं, उस दिव्य घटना को जीवन में उतारने का संकल्प है।

आर्यिका भावनामति ने ये भी कहा आज हमें अपने आपसे पूछना चाहिए क्या हम केवल जय जय वीर शासन बोलते हैं या वीर शासन के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारते हैं। यदि हमारे जीवन में अहिंसा, सत्य, क्षमा, संयम और स्वाध्याय आ जाए तभी वीर शासन जयंती मनाना सार्थक होगा। हम सभी संकल्प लें कि भगवान महावीर स्वामी के बताए हुए मार्ग पर चलेंगे और अपने जीवन को धर्ममय बनाएंगे और वीर शासन की गरिमा को बढ़ाएंगे। इस अवसर पर आर्यिका सदयमति और भक्तिमति भी उपस्थित थीं।

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत का हुआ सफल आयोजन

नर्मदापुरम । मेरा युवा भारत नर्मदापुरम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में ₹नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत₹ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जिले भर के विद्यार्थियों, युवाओं, एनएस स्वयंसेवकों एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े संदेशों का प्रभावी माहौल देखने को मिला।

पिपरिया नगरपालिका क्षेत्र की होटलों में किया जा रहा नियम विरुद्ध घरेलू सिलेंडर का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 80 के आसपास होटल रिसोर्ट रेस्टोरेंट ढाबे संचालित है। तथा गैस सिलेंडर की समस्या बढ़ती जा रही है। वर्तमान में सामने आया कि सिलेंडर सस्ता टिकाउ आसान नहीं है। इसलिए अब भट्टी लकड़ी की जलाकर उपयोग किया जा रहा है। लेकिन अभी वर्तमान में भी कुछ अधिकारी कर्मचारी वर्ग की लापरवाही सरेआम दिखाई दे रही है। जिला कलेक्टर ने आदेश जारी किए गए थे। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी के द्वारा। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने बताया कि जिला कलेक्टर की मंशा पर अचानक आदेश अनुसार तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि होटल हाईवे किचन अम्रतसर हवेली होटल अलका गीतांजलि सिलारी चौराहे , बस स्टैंड एवं भोजनालय पर कार्रवाई करने में 5 प्रतिष्ठानों में लगातार घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए मौके पर पाएं गये जहां घरेलू गैस सिलेंडर ही चल रहे थे। जाकर प्रकरण दर्ज किया गया है। जबकि शासन द्वारा विगत दिनों से इस पर जोर दिया जा रहा था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।अब जाकर कार्रवाई शुरू हुई है। लेकिन अभी तक यह नहीं बताया गया कि करीबकिस होटल रिसोर्ट रेस्टोरेंट होटल में सिलेंडर जब्त किया गया है।



आम सूचना

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिका परिषद इटारसी में न्यास बाजार / लक्कडगंज / प्रियदर्शनीय नगर/की लक्कड़गंज दुकान नं0 10 में जो कि श्री / श्रीमति अरविन्दर सिंह भाटिया पिता इन्दर सिंह भाटिया के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, दुकान की किरायेदारी की लीजडीड कराना चाहते हैं। उक्त दुकान की लीजडीड होने से किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अद्योहस्ताक्षकरकर्ता के कार्यालय के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि 15 दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नही होती है तो तत्पश्चात किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नही की जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद ईटारसी

खबर संक्षेप

24 घंटों में जिले में 38.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चैबीस घंटों में 38.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चैबीस घंटे में हरदा तहसील में 27.4 मि.मी., टिमरनी में 43.2 मि.मी., खिरकिया में 38.4 मि.मी., सिराली में 23.3 मि.मी. तथा रहटगांव में 60.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 493.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 508.0 मि.मी., टिमरनी में 499.3 मि.मी., खिरकिया में 562.4 मि.मी., सिराली में 446.5 तथा रहटगांव में 451.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 31 जुलाई तक 647.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

पंचायतें कचरा वाहन का प्रचार प्रसार करे

हरदा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा अंजलि जोसेफ के द्वारा कचरा वाहन संचालित करने वाली पंचायतों के सचिव, जीआरएस, की बैठक लेकर कचरा वाहन के संबंध में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए। पंचायत सचिवों की अन्य प्रभार बाली पंचायतों में कचरा वाहन प्रारम्भ करने का कहा गया ,साथ ही पंचायतें कचरे को चार अलग अलग प्रकार से इक्कठा करे, पंचायतें कचरा स्थलों की नियमित साफ सफाई करवाए, प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करे, पंचायतों में गंदगी फैलाने वालों व्यक्ति एवं संस्थानों पर जुर्माना लगाने की कारवाही भी की जाए, पंचायतों की दीवारों पर स्वच्छता से संबंधित नारे ,दीवार लेखन का कार्य किया जाए, सभी पंचायत सचिव अपनी अपनी पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कार्य करे ,बैठक में डगवाशंकर ,सोनतलाई, मसनगांव, काकरिया, मांदला ,छीपानेर, छिदगांवमेल, बिछापुर, छिरपुरा अन्य पंचायतों के सचिव जीआरएस उपस्थित थे।

अनुचित पंजीयन एवं मूंग के अवैध विक्रय पर होगी कार्रवाई

हरदा। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला हरदा ने जिले के समस्त कृषकों एवं व्यापारियों को सूचित किया है कि मूंग उपार्जन व्यवस्था के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों एवं जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि कुछ कृषकों द्वारा स्वयं के नाम पर सिकमी (बटाई) की भूमि जोड़कर पंजीयन कराया गया है। ऐसे प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सिकमी भूमि का पंजीयन अधिकतम 5 हेक्टेयर तक ही मान्य है। इसके बावजूद जांच में यह पाया गया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा स्वयं के नाम पर 5 हेक्टेयर से अधिक सिकमी भूमि जोड़कर पंजीयन कराया गया है। ऐसे सभी प्रकरणों की सूक्ष्म जांच की जा रही है तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।उप संचालक ने स्पष्ट किया है कि जिन कृषकों ने स्वयं के नाम पर सिकमी भूमि जोड़कर अनुचित पंजीयन कराया है, यदि वे उक्त पंजीयन के आधार पर मूंग का विक्रय करते हैं अथवा विक्रय का प्रयास करते हैं, तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने सहित नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त ऐसे व्यापारी, जो पहले ही अपना 25 प्रतिशत मूंग विक्रय कर चुके कृषकों के शेष 35 प्रतिशत विक्रय योग्य स्टॉक का सांठगांठ कर क्रय-विक्रय कराने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध भी संबंधित वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित कृषक एवं व्यापारी दोनों की जवाबदेही निर्धारित कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने सभी कृषकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप ही मूंग का विक्रय करें तथा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी, कूटरचित दस्तावेज अथवा शासकीय व्यवस्था का दुरुपयोग करने का प्रयास न करें। प्रशासन द्वारा समस्त प्रकरणों की सतत निगरानी की जा रही है। अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

टिमरनी विकासखंड के स्कूलों एवं उचित मूल्य दुकान का किया निरीक्षण

शिक्षकों से कहा, विद्यार्थियों का होमवर्क बारीकी से जांचें, पढ़ाई में गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को टिमरनी विकासखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के होमवर्क की बारीकी से जांच करें, ताकि उनके अध्ययन में शुद्धता बनी रहे और विषयों की गहन समझ विकसित हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हाई स्कूल पानतलाई का भ्रमण कर विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय के शौचालय की मरम्मत कराने तथा पेयजल की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों की नियमित एवं संतोषजनक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। प्राथमिक शाला दूधकच्छ में कलेक्टर ने प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को 'विद्या आसन अभियान' के तहत डेस्क उपलब्ध कराए जाएं, जिससे उन्हें बेहतर अध्ययन वातावरण मिल सके।

मिडिल स्कूल निमाचा कलां के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ब्लैकबोर्ड पर नया पेंट कराने, विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर ने पीएम श्री शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, टिमरनी का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की तथा स्मार्ट क्लासों के संचालन एवं उनके प्रभावी उपयोग की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम पानतलाई की उचित मूल्य दुकान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था, स्टॉक एवं अभिलेखों के संधारण की जांच की तथा पात्र उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम टिमरनी शैलेंद्र बडोनिया, जिला शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह रघुवंशी, डीपीसी गरिमा टोप्पो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



आपदाओं से निपटने के लिए सभी को दक्ष होना जरूरी

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी नागरिकों का प्रशिक्षित एवं दक्ष होना आवश्यक है। आपदा प्रबंधन की जानकारी होने से आपातकालीन परिस्थितियों में पीड़ितों तक त्वरित राहत पहुंचाई जा सकती है तथा समय पर सही कार्रवाई कर अनेक लोगों की जान भी बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति की समय पर सहायता करना और संकट की घड़ी में उसके जीवन की रक्षा करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। कलेक्टर जैन शुक्रवार को स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) स्वयंसेवकों के सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक उपचार, आपदा में फंसे लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू, आपातकालीन परिस्थितियों में चेतावनी एवं बचाव संबंधी उपाय, मॉक ड्रिल तथा अन्य आपदा प्रबंधन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयंसेवकों को आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड ए.के. उबनारे एवं प्लाटून कमांडर रक्षा राजपूत ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन का स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। यह प्रशिक्षण आगामी सात दिनों तक संचालित होगा।

युवा को दुष्प्रभाव से बचाने के प्रयास

पीएचसी व सीएचसी पर तंबाकू त्याग सेवाएं दी जाएंगी: डॉ. सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू त्याग सेवाओं (टोबैको ससेशन सर्विस) को प्रभावी बनाने एवं प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इनके विस्तार के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह ने बताया कि युवा पीढ़ी को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से बचाना अत्यंत आवश्यक है। जिला चिकित्सालय के साथ अब प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी तम्बाकू खाने, पीने पर विराम लगाने संबंधी सेवाएं प्रदान की जावेगी। प्रशिक्षण में डॉ. पियूष दोगने एवं डॉ. चित्रा इंगले ने तम्बाकू सेवन की वर्तमान स्थिति, तम्बाकू छोड़ने की आवश्यकता, तम्बाकू त्याग केंद्रों (टीसीसी - टोबैको ससेशन सेंटर) की भूमिका, राष्ट्रीय तम्बाकू क्विटलाइन, एम-सेसेशन सेवा तथा स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से उपलब्ध परामर्श एवं उपचार सेवाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को 5-ए (आस्क, एडवाईस, असेस, असिस्ट, अरेंज) एवं 5 आर (रिलेवेंस, रिस्क, रिवार्ड, रोडब्लॉक, रिपिटेशन) आधारित व्यवहार परिवर्तन परामर्श, संक्षिप्त सलाह (ब्रीफ एडवाईस - आस्क, एडवाईज, रेफर) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर तम्बाकू त्याग सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की रणनीतियों से अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक तम्बाकू उपयोगकर्ताओं तक सेवाएं पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.के.चौरे ने बताया कि तम्बाकू नियंत्रण की सफलता केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि जन-जागरूकता, समय पर परामर्श एवं सामुदायिक सहभागिता से ही तम्बाकू मुक्त जीवन की ओर प्रेरित किया जा सकता है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. विश्वकर्मा, डॉ. केसरी प्रसाद, डॉ. राजेन्द्र ओनकर, डॉ. संदीप पटेल, डॉ. वैभव सरवर मौजूद रहे।

खिरकिया-चारुवा आवलियां मार्ग पर जल भराव को हटाने का कार्य कराया शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

गुरुवार को खिरकिया चारुवा आवलियां मार्ग पर हुए जल भराव के निराकरण के लिए मांग लोक निर्माण विभाग हरदा की कार्यपालन यंत्री पूनम तुरकर तक पहुंची तो उन्होंने समस्या पर क्विक रिस्पांस करते हुए संबंधित मेंटेनेंस एजेंसी को तत्काल मेंटेनेंस कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए। शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से सड़क का मेंटेनेंस कार्य शुरू हो गया। गौरतलब है कि खिरकिया चारुवा आवलिया क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण सड़क है। हरदा और खंडवा जिले को यह सड़क ग्रामीण अंचल से दो जिलों को सीधे जोड़ती है। शहर के बाजार क्षेत्र से होती हुई यह ग्रामीण अंचल की ओर जाती है। रोजाना हजारों की संख्या में छीपाबड़ चारुवा मोरगढी पंडवा आवलियां समेत करीब 40 गांव से ज्यादा के ग्रामीण इस सड़क से ब्लॉक मुख्यालय पर आवागमन करते हैं। लंबे समय से यह सड़क मेंटेनेंस के इंतजार में थी। मिली जानकारी के अनुसारजिस निर्माण एजेंसी मेंटेनेंस का ठेका लिया था उसने गर्मी के सीजन में मेंटेनेंस का कार्य नहीं किया जिसके चलते बारिश में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पीएम श्री कन्या विद्यालय, सीएम संदीपनी जैसे सरकार के बड़े शिक्षण संस्थान इसी मार्ग स्थित है। मंडी क्षेत्र में सड़क खराब होने से रोजाना सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राओं को भीआने-जाने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शुक्रवार को मेंटेनेंस शुरू होने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

मध्य प्रदेश लेखक संघ की मासिक साहित्य गोष्ठी में गूंजी साहित्य की स्वरधारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्य प्रदेश लेखक संघ, जिला इकाई हरदा की मासिक साहित्य गोष्ठी किसान भवन में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पी. एस. चौरे, सारस्वत अतिथि उमेश शर्मा तथा अध्यक्ष सुभाष सिटोके रहे। मां सरस्वती के पूजन एवं सुभाष सिटोके की सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गोष्ठी में बालमुकुंद ओझा ने जिंदगी और मौत के बीच लगाती दौड़ उमरिया..., नरेंद्र वर्मा ने वेद-पुराण गुरु की महिमा गाते नहीं अघाते हैं..., रतन सिंह सोलंकी ने नापाकी के छल की... गाथा है कारगिल की..., सतीष कपोले ने चाँद को देख हम तो निहारा करें..., बृजमोहन अग्रवाल ने वीर जवानों ने फिर से देश का मान बढ़ाया था..., शिरीष अग्रवाल ने किसी भी हाल में तुझे खोना नहीं चाहते हम..., लोमेश गौर ने चैन से जीना अगर तो बात इतनी जान लो..., अतहर हुसैन जौहर ने मिन्तें करता रहा उनको मनाने के लिए..., मंसूर अली मंसूर ने अमाँ बेकसों को सताते नहीं हैं..., जयकृष्ण चांडक ने हाथ से पकड़ा, उठाया, रख दिया..., दुर्गेशनंदन शर्मा ने सपनों के डेरे में आकर किसने आग लगाई माई..., मदन व्यास ने भूखे मर जाओ मगर ध्यान रखो..., जी. आर. गौर ने देखो सावन आ गया..., पी. एस. चौरे ने गुरु है वही जो अहं को भगाए..., अशोक नेगी ने पीठ पीछे शब्द अपनी मूँछों पर ताव दे रहे थे..., प्रभुशंकर शुक्ल ने डूब रहे इस देश को भला बचाए कौन...तथा अध्यक्ष सुभाष सिटोके ने हम से जो बन पड़ा, किया हम ने... पंक्तियों के माध्यम से अपनी रचनाओं का प्रभावी पाठ किया।


धार्मिक व ऐतिहासिक नगरी हंडिया को बनाया जाएगा प्लास्टिक मुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जोनाथन ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, व्यक्तिगत शौचालय, वाशआन व्हील एवं संस्थानों में पानी की टंकी की सफाई की समीक्षा की। सीईओ अंजलि जोसेफ ने ₹धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी हंडिया₹ को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जिला अधिकारियों से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी जब भी हंडिया जाएं, चाहे शासकीय या अशासकीय कार्य से, तो दुकानों पर पॉलिथीन के उपयोग की जांच करें। यदि कोई पॉलिथीन का उपयोग करता पाया जाए तो उसे जागरूक कर कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त सहयोग से ही हंडिया को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सकता है। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं प्रदूषण से बचाव हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। प्रथम चरण में जिले की 18 ग्राम पंचायतों का चयन कर डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए कचरा वाहन की व्यवस्था की गई है। सीईओ ने निर्देश दिए कि आगामी चरण में शेष ग्राम पंचायतों को भी शामिल कर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए माईकिंग, डोंडी, सूचना बोर्ड, दीवार लेखन एवं सूखे-गीले कचरे के लिए 2 डस्टबिन की व्यवस्था कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाए।

आज आयोजित होगा शिविर 35 व्यक्ति करेंगे रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

श्रावण मास के पुनीत पावन अवसर पर 9 अगस्त को निकलने वाली चौरासी महादेव दर्शन यात्रा के निमित्त 2 अगस्त रविवार को गायत्री मंदिर तिराहा स्थित संस्कृत विद्यालय में प्रातः 10 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए नवनियुक्त कलेक्टर गुरु प्रसाद को चौरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर आमंत्रण दिया। वहीं नवनियुक्त डीआईजी सुश्री सिमाला प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा को भी समिति द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए आमंत्रण दिया। चौरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस दौरान करीब 35 से अधिक व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया जाएगा।

महर्षि दधीचि ने किया अपनी हड्डियों का दान

प्रेरणास्त्रोत पंडित जगदीश ठक्कर ने कहां कि महर्षि दधीचि सनातन संस्कृति और हिंदू धर्म के सबसे महान तपस्वियों, परम ज्ञानियों और परोपकारियों में गिने जाते हैं। वे परम शिव भक्त थे। उन्होंने जगत कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए अपने शरीर का भी मोह नहीं किया और अपनी हड्डियों (अस्थियों) का दान कर दिया था। उन्ही ऋषि को याद कर यह समाजिक कार्य हमारी समिति कर रही है।

समिति की ओर से भी दिया जाएगा प्रशस्ति पत्र

दल में शामिल प्रतीक गुप्ता व संतोष गुप्ता ने बताया कि रक्तदान देने वाले व्यक्ति को समिति की ओर से भी प्रशस्ति पत्र देकर उनका अभिवादन किया जाएगा। समिति उपाध्यक्ष किशोर रघुवंशी, सचिव प्रतीक गुप्ता व हर्ष ठक्कर, कोषाध्यक्ष लोकेश गोले व संतोष गुप्ता, यात्रा संयोजक दिलीप सोनी व कैलाश महाजन, सहसचिव प्रशांत चौहान आदि मौजूद रहे।

कांवड़ यात्राओं को सुरक्षित कराने अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

पुलिस उप महानिरीक्षक के निर्देशों के पालन में खरगोन, खंडवा, बड़वानी एवं बुरहानपुर जिलों की पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाली कांवड़ यात्राओं के आयोजकों एवं कांवड़ियों से समन्वय स्थापित कर कांवड़ सुरक्षा कवच वितरित किए गए। कांवड़ सुरक्षा कवच अन्तर्गत समिति/आयोजक के नाम मोबाइल नंबर , जिला व सदस्य नम्बर जानकारी इन्द्रांज की गई तथा विभिन्न सुविधाओं एवं आपातकालीन स्थिति हेतु कार्ड में रुट में आने वाले अस्पताल , कंट्रोल रुम व स्थानीय पुलिस सहायता नंबर की जानकारी कार्ड के माध्यम से प्राप्त होगी । कांवड़ यात्रा के रुट का नक्शा एवं रुट अन्तर्गत भोजन, पानी व विश्राम संबंधित जानकारी भी कार्ड के माध्यम से प्राप्त होगी । विभिन्न स्थानीय समितियो व्दारा कुल 235 छोटी बडी कांवड़ यात्राए निकाली जायेगी। जिसमें जिला खरगोन में छोटी बडी 100 कांवड़ यात्राओं में लगभग 41750 , जिला खंडवा में छोटी बडी 64 कांवड़ यात्राओं में लगभग 24715, जिला बडवानी में छोटी बडी 55 कांवड़ यात्राओं में लगभग 20865 व जिला बुरहानपुर में छोटी बडी 16 कांवड़ यात्राओं में 11380 कांवडिए यात्रा में शामिल होगें। रेंज के जिलों में कांवड़ यात्रा मार्ग, प्रमुख सड़कों, संवेदनशील स्थानों एवं चिन्हित पार्किंग स्थल का अवलोकन कर रेंज के जिलों के अधिकारियों द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, संभावित भीड़ को नियंत्रित करने, मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने एवं श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने एवं मार्गो का भ्रमण कर जायजा लें।

बीएसएनएल के बुलडोजर से सड़क दलदल बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



यहां निर्माणाधीन लोक निर्माण विभाग की सड़क की मंगलवार की रात बीएसएनएल के बुलडोजर ने सड़क को दलदल में बदल दिया। जिससे गुरूवार एवं शुक्रवार को यात्री बस,कार और करीब एक-डेढ़ दर्जन से अधिक दुपहिया वाहन दलदल में फंस रहें हैं। शुक्रवार को अपरान्ह एक यात्री बस दलदल में फंस गई,जिसे बुलडोजर की मदद से बाहर निकाला गया। गुरूवार को भी एक अन्य यात्री बस भी दलदल में फंसते-फंसते बाल बाल बच गई,जिसे चालक ने अपनी सूझ-बूझ से उक्त घटना से उसे बचा लिया। इसी तरह इसी दिन रक कार भी दलदल में फंस गई,जिसे बुलडोजर के द्वारा बाहर निकाला गया। इस दौरान भारी भीड़ जमा हो गई थी। यह सम्पूर्ण घटनाएं शासकीय शराब दुकान और भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने हो रही है। समीप ही के होटल व्यवसायी सदाशिव शर्मा और गैराज मालिक अखिलेश पंवार ने बताया कि दो दिनों से उक्त दुर्घटनाएं हो रही है। जबकि दूसरी ओर बिंदल कंस्ट्रक्शन कंपनी खंडवा द्वारा सडक खोद दी गई,लेकिन कार्य धीमी गति से होने से हालत बिगड़ रहें हैं। वहीँ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा दूरसंचार कम्पनियों जैसे बीएसएनएल,एयरटेल और जिओ को सड़कों की खुदाई की अघोषित छूट दे दी है,जो निरंतर सड़कों को क्षति पहुंचा रहे हैं।

विधायक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्माण स्थल का पूजन किया

उमड़ा आस्था का सैलाब, इंद्रटेकरी पर श्रद्धालुओं ने किए पूर्णानंद बाबा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



गुरु अमृत है जगत में, बाकी सब विषबेल, सतगुरु संत अनंत हैं, प्रभु से कर दें मेल। गीली मिट्टी अनगढ़ी, हमको गुरुवर जान, ज्ञान प्रकाशित कीजिए, आप समर्थ बलवान। गुरु बिन भव निधि तरइ न कोई... जैसी भावनाएं लिये लाखों भक्तों ने गुरुपुर्णिमाा पर गुरु-शिष्य परंपरा निभाते हुए अपने गुरुओं के दर्शन पूजन कर गुरुगादियों पर मत्था टेका। जिले में शहर से करीब 6 किमी दूर कसरावद रोड़ पर श्रीश्री 1008 श्री पूर्णानंद बाबा (लूला बाबा) की तपोस्थली इंद्रटेकरी पर सुबह से देरशाम तक भक्तों की कतार दर्शनार्थ लगी रही। यहां सुबह विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने भक्त निवास का भूमिपूजन भी किया। विधायक निधि से 10 लाख रुपए की राशि भक्त निवास निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है। ट्रस्ट पदाधिकारियों की मौजूदगी में विधायक पाटीदार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्माण स्थल का पूजन किया। इसके अलावा श्री पूर्णानंद बाबा की जन्म स्थली मेहरजा में भी भक्तों का सैलाब उमड़ा। मेहरजा में श्री पूर्णानंद बाबा के शिष्य नैनसिंह बाबा के आश्रम में श्री पूर्णानंद बाबा की प्रतिमा का दर्शन कर भक्तों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की।

इंद्रटेकड़ी स्थित श्री पूर्णानंद बाबा मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों के मुताबिक यहां सुबह से देररात तक करीब डेढ़ लाख भक्तों ने दर्शन कर गुरुप्रसादी ग्रहण की। इंद्रटेकड़ी पर गुरूभक्तों का सैलाब सुबह से ही दर्शनार्थ उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में लोग कतारबद्ध होकर दर्शन पाने का इंतजार करते रहे।